Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 22-12-2021 अंक 92


Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बर्थडे स्पेशल

**अपेम लाइव परिवार की और से बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं**



पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव




# विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की काफी कमी, 200 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक, बच्चो के अनुपात में भवन नही

## प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, शैक्षणिक विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह व संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव शिवकुमार राम ने किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग गाजो यादव उपस्थित रहे। बैठक में अभिभावकों के द्वारा बच्चों में स्वयं अध्ययन के प्रति रुचि जगाना, विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा करने के साथ साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने पर गहन चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित छात्र छात्रओं तथा अभिभावकों को विद्यालय की वास्तविक स्थिति की जानकारी देते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह ने कहा प्लस टू उच्च विद्यालय में कुल छात्रों की संख्या लगभग 3400 है । जबकि शिक्षकों की संख्या मात्र 17 है। यानी 200 विद्यार्थियों पर मात्र एक शिक्षक की पोस्टिंग है। सबसे भयावह स्थिति इंटर के छात्रों के लिए है । जिसमें कुल 2700 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है और शिक्षक मात्र 10 हैं । अर्थात लगभग 270 छात्र-छात्राओं पर मात्र एक शिक्षक नियुक्त है। विद्यालय भवन की स्थिति को देखा जाए तो परिस्थितियां बिल्कुल विपरीत




बैठक को संबोधित करते अब्दुल मनान वारसी



शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में शामिल लोग

है । इसमें मात्र छह कमरे और दो हाल है । प्रत्येक कमरों में बैठने की क्षमता मात्र 50 है । जबकि हॉल में बैठने की क्षमता लगभग 120 है । अर्थात इंटर में 2700 छात्रों के लिए मात्र 540 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था है और यह भी भवन इतने जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं । जहां कभी भी दुर्घटना घट सकती है। सुरक्षा के लिहाज से चाहर दिवारी की बहुत ही सख्त आवश्यकता है। यह विद्यालय रिजल्ट के मामले में पूरे जिले में अपना अलग पहचान रखती है। प्रशासनिक जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा के शिकार यह विद्यालय अपना पहचान खुद खोती जा रही है । जबकि विडम्बना है कि विद्यालय के निजी खाते में करोड़ों रुपए वर्षो से पड़े हैं।विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग गाजो यादव ने इस पर संज्ञान लेते हुए स्थानीय विधायक बरही विधानसभा तक पहुंचाने की बात कही है। इस मौके पर बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग मोहम्मद रुस्तम, सुनील साहू, शिक्षक योगेंद्र सिंह, अनिल कुमार नीरज, दिलीप कुमार, सुनील कुमार द्विवेदी, रामचंद्र मंडल ,विकास ,ओम प्रकाश सर, अश्विनी कुमार एवं विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ साथ कई अभिभावक गन उपस्थित थे।

# बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी का बयान अमर्यादित व गैरजिम्मेदाराना : ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा

**अपेम लाइव : इटखोरी**

माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि हिन्दू समाज को बाँटने के लिए अगड़ी पिछली का राजनीत कर रहे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी जिसका मैं निंदा के साथ विरोध करता हूँ और उनके पार्टी को कहना चाहता हूं कि ऐसे लोगों को पार्टी से अविलम्ब बरखस्त कर कड़ी कार्यवाई की जानी चाहिए तथा श्री संदीप शर्मा आगे कहते हैं कि हमे अफसोस हैं कि हमारे देश के गंदी मानसि. कता का परिचय देने वाले में एक हैं जीतन राम मांझी। अनाप-शनाप बयान देकर सुर्खियां बटोरने में लगे हैं। यहीं सुखिर्यां असमाजिक शब्दों के भाषा बोलने पर




इन्हें ले डुबेगी। जीतन राम का नाव में एक तरफ़ छेद हो चुका हैं। बस डुबने की देर हैं। धीरे धीरे ही सही इनका दल या पार्टी के लोग अब छोड़कर दुसरे दलों का दामन थाम रहे। साथ ही इनकी पार्टी में जो ब्राह्मण जुड़े है उनसे निवेदन है इनका साथ छोड़ कर अपना मान सम्मान बचाये चुकी हमारी भारत की संस्कृति ही पूजा पाठ धर्म पे चलता है भारत की भूमि ऐसी है जहां लोग आस्था के साथ पूजा पाठ करते हैं और उनके विचार में सकारात्मक ऊर्जा प्रवाह होता है जिससे उनकी खोई हुवी आत्मविश्वास फिर से वापस आ जाता है इस दुनिया का कोई ऐसा समस्या नहीं जिसका निदान हमारे धर्म ग्रंथ में नहीं दिया होगा बस आस्था की बात है जहां आज बड़े बड़े रिसर्चर खोज में लगे हैं वहीं हमारे ऋषियों ने हज़ारो साल पहले आज होने वाली घटना को ग्रंथ में लिख रखा है आज भी जिस घर मे गौ,ब्राह्मण का सम्मान के साथ पूजा पाठ होता हैं उन घरों में कभी बरकत कम नहीं होते व उनके संतान संस्कारी माता पिता की सेवा करने वाले होते हैं व उनका घर स्वर्ग स्वरुप होता है

# खोड़ाहर आजीविका महिला के संकुल संगठ्न की वार्षिक आम सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**

खोड़ाहर पंचायत में आजीविका महिला संकुल संगठ्न का आम सभा का आयोज किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार, मुखिया खिरोधर यादव, बरही पश्चमी जीप सदस्य संतोष रविदास मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमरजीत कुमार ने किया। जे एसएलपीएस से जुड़े 49 सखी मंडल को 80 लाख रुपया का लोन वितरण किया गया। मौके पर राजू कुमार, चंदन कुमार, पुष्पा कुमारी, ललिता कुमारी, संगठन के अध्यक्ष सीमा देवी, सचिव प्रतिभा कुमारी, कोषाध्यक्ष अनीता देवी, संगीता शर्मा, आरती देवी, संजना रानी, जीनत परवीन, जुलियाना टोप्पो, एवं बसंती कुमारी मौजूद थे।




कार्यक्रम मे शामिल अतिथि व महिलाएँ

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 22-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02

# आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत करियातपुर में लगा शिविर,

## विभिन्न विभाग के स्टॉल से लाभुक हुए लाभान्वित

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक प्रतिनिधि रघुनंदन गोप, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी जीप प्रतिनिधि मो कयूम, स्वास्थ विभाग के विधायक प्रतिनिधि मो रुस्तम, मुखिया सीता देवी, पंचायत समिति सदस्य राजकुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण–पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल–खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर आदी। इस कार्यक्रम में गाजो यादव, राज. कुमार रविदास, मनोज रविदास, डोमन पांडेय, कोलेश्वर चन्द्रवंशी, अर्जुन पंडित, महेश कुशवाहा, महादेव गोप एवं सुरेंद्र रविदास मौजूद थे।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि

# दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति कोडरमा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष दिया धरना, विभिन्न कांडों के अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने की किया मांग

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**

दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला इकाई कोडरमा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोड. रमा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरना के पूर्व उर्मिला चौधरी क्लीनिक से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान इंकलाब जिंदाबाद, दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिंदाबाद, पुलिस की गुंडागर्दी नहीं चलेगी, झूठा मुक. दमा वापस लेना होगा। एससी एसटी थाना कांड संख्या 99 /21 तथा कांड संख्या 12 /21 तथा 46/21 डोमचांच थाना के अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार करने तथा चंदवारा थाना कांड संख्या 100 /21 में अपने स्तर से जांच करने की कृपा की जाए। जिले में दलितों पर हो रहे हमले पर रोक लगाया जाए। एसी एसटी थाना में दलित पुलिस अ०फिसर को ही प्रतिनियुक्त किया जाए आदि मांगों को लेकर जुलूस पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर पहुंचकर धरना में तब्दील हुआ। धरना की अध्यक्षता दलित उत्पन्न संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने किया। धरना को संबोधित करते हुए जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि भाजपा के शासन में संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। अब दलित एवं मुस्लिम एवं कमजोर वर्ग चुप नहीं बैठेंगे। वे अब संघर्ष करने के लिए तैयार हो चुके हैं। उन्हा. ेंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अंबेडकर जयंती पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं, दूसरी तरफ देश में अंबेडकर की प्रतियां जलाई जाती है एवं अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया जाता है। उस वक्त मोदी जी को दिखाई नहीं देता है। धरना को संबोधित करते हुए दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में दलितों एवं मुसलमानों पर चौतरफा हमला हो रहा है। उन्हा. ेंने कहा कि कोडरमा थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर एवं एएसआई बालेश्वर यादव के द्वारा जलवाबाद पहुंच कर मुस्लिम लोगों को अभद्र गाली गलौज करना गलत है। किसका धरना के माध्यम से झारखंड सरकार एवं पुलिस अधीक्षक से यह दोनों पदाधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की गई। कोडरमा जिले में दलितों एवं मु. सलमान भाइयों पर चौतरफा हमला बढ़ रहा है, धरना को संबोधित करते हुए दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में दलितों को संगठित कर एवं शिक्षक बनाकर बाबासाहेब के रास्ते पर चलने को सीख देनी होगी। दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने कहा कि विभिन्न कांडो के अभियुक्तों को जब तक गिरफ्तार पुलिस नहीं करती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना के दौरान 4 सूत्री स्मार पत्र पुलिस अधीक्षक गौरव कुमार को 7 सदस्य प्रति. निधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न कांड में अविलंब गिरफ्तार करने को भरोसा दिलाया। धरना को दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला सचिव गणेश दास, रघुनाथ दास, प्रेम प्रकाश, दुर्गा प्रसाद राम, विकास कुमार, बासुदेव धोबी, रा. जकुमार पासवान, दिनेश रविदास, कैलाश रजक, विजय रजक, उमेश दास, राज देव कुमार, रामचंद्र राम, शंकर दास, विजय दास, शंभू पासवान, सहदेव दास, पंकज अंबेडकर, रा. जेश कुमार, बबलू दास, ब्रह्मदेव दास, राजू दास, छोटे लाल दास, मुकेश दास, महेंद्र दास, सरिता देवी, सीमा देवी, संगीता देवी, खीरीया देवी, शांति देवी, राधिका देवी, निशा देवी आदि लोगों ने संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला सचिव गणेश दास ने किया।



एसपी को ज्ञापन सौंपते दलित उत्पीड़न समिति के लोग

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---23.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---पौष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---चतुर्थी तिथि दिन 03:28 तक उपरांत पंचमी तिथि
दिन :---गुरुवार
नक्षत्र :---अश्लेषा नक्षत्र
योग :---वैधृति
करण :---वा
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि में
आज का राहूकाल दिन :---01:30 बजे से दिनः---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से संतान सुख में वृद्धि होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार  सहयोगीः सोनू पंडित,  एडिटिंग- धनंजय कुमार  मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सूरजपुरा मुखिया गीता देवी ने जरूरतमन्दों के बीच किया कंबल वितरण

**अपेम लाइव : पदमा
सुमन मेहता**



कंबल वितरन करते मुखिया गीता देवी

पदमा प्रखंड अंतर्गत सूरजपुरा पंचायत में लगातार बढ़ रहे ठंढ को देखते हुए मुखिया गीता देवी ने गरीब, असहाय एवं विधवा महिलाओं के बीच 150 कंबल वितरण किया। लाभुकों में शूकर गोप, मोसोमात गीता, वहीदा खातुन, सुखराम माहतो एवं अन्य पंचायत के जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच वितरण किया। मौके पर पंचायत सचिव, मो अजहर अंसारी, रोजगार सेवक सौरव राज मेहता, वार्ड सदस्य सुरेंद्र मोहन मेहता, वार्ड सदस्य तुलो माहतो, पिंटू मेहता, संतीश मेहता, रविन्द्र मेहता, रेखा देवी, उदय कुमार, सहिया काजल मेहता, प्रमोद कुमार एवं अजित जोगी मौजूद थे।

## नहीं खुल पा रहा है छात्र-छात्राओं का बैंकों में खाता, कड़ाके की ठंड में हो रहे परेशान

**अपेम लाइव : चँदवारा
धीरज कुमार**



खाता नहीं खोलने से निराश बिरसोडीह के छात्र-छात्राएं

सरकारी विद्यालयों के बच्चों का बैंकों में खाता नहीं खुलने से उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों के स्कूली बच्चे बैंकों और प्रज्ञा केंद्रों के चक्कर काटने को विवश है। बावजूद इसके उनका खाता नहीं खुल पा रहा है। बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरसोडीह तौसीफ अंसारी, साहिल अंसारी, निखत परवीन, जरीना परवीन, रुखसार परवीन व सानिया परवीन आदि ने प्रखंड मुख्यालय के चक्कर काटते देखे गए। इस बाबत उनसे जानकारी ली गई तो उन्हा. ेंने बताया कि वे लोग कई दिनों से खाता खुलवाने के लिए प्रयासरत हैं। लेकिन बैंक वाले प्रज्ञा केंद्र भेज देते हैं और प्रज्ञा केंद्र वाले बैंक भेज कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बैंकों में खाता नहीं खुलने से उन्हें छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है। मामले को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बताया कि 10 वर्ष से कम उम्र के छात्र-छात्राओं का खाता प्रज्ञा केंद्र में खोलने का आदेश है। जबकि 10 वर्ष से ऊपर के बच्चों का खाता बैंकों में खोला जाता है। इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक चंदवारा शाखा की शाखा प्रबंधक स्नेहा कुजूर ने बताया कि 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को माइनर पेन कार्ड बनवाना होता है। जिसके आधार पर खाता खोला जाएगा। इस बैंक के नियमों के बीच छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को पीसना पड़ रहा है।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह में शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच बैठक सम्पन्न



कार्यक्रम मे शामिल छात्र व शिक्षक

**अपेम लाइव : पदमा
सुमन मेहता**



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

पदमा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह में विभागीय आदेश के आलोक में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 300 से अधिक अभिभावक उपस्थित हुए, इस मौके पर प्रविन्द कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लवली कुमारी, उपाध्यक्ष बीरबल प्रसाद मेहता, वार्ड सदस्य पिंकी देवी उपस्थित थे। वहीं प्रत्येक दिन विद्यालय आने वाले बच्चों के अभिभावक उत्तम महतो एवं सुनील कुमार मेहता को विद्यालय बगीचा में लगे फूल से का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सभी अभिभावकों ने एक स्वर में विभाग से मांग किया कि यहां कक्षा 1 से 10 तक संचालित है। जिसमें लगभग 900 बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन अंग्रेजी के शिक्षक नहीं हैं एक अंग्रेजी की शिक्षिका शालिनी शर्मा पदस्थापित थे। जिनका बार-बार प्रति नियोजन इंदिरा गांधी बा. लिका विद्यालय हजारीबाग में कर दिया जा रहा है। वर्तमान में वह शिक्षिका हजारीबाग में ही कार्यरत है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अंग्रेजी की शिक्षा से वंचित हो जा रहे हैं। सभी अभिभावकों ने विभाग से मांग किया कि अविलंब शालिनी शर्मा का प्रति नियोजित रद्द कर वापस उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह पदस्थापित किया जाए। ताकि यहां के बच्चे अंग्रेजी की शिक्षा पा सके। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक किशोर कुमार, शिक्षक दीपक कुमार मेहता, अनिरुद्ध राणा,प्रमोद कुमार गुप्ता, विकास कुमार, मुन्नालाल प्रसाद, रूपम कुमारी,परमेश्वर मेहता, त्रिभुवन प्रसाद मेहता, गा. ेरवंती कुमारी, रोसिता लकड़ा, एलिशा लकडा, अध्यक्ष लवली कुमारी, संकुल साधन सेवी प्रविन्द कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बीरबल प्रसाद मेहता, सदस्य आशा देवी,किरण देवी,उषा कुमारी मेहता एवं कक्षा 6 से 10 तक के लगभग 300 बच्चे उप. स्थित थे।

## मार्खम कॉलेज एनएसएस इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन चलाया ओमीक्रॉन कोरोना वायरस पर जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




स्वच्छता अभियान मे शामिल लोग

हजारीबाग : 22 दिसंबर रु स्थानीय सिरसी गांव में मार्खम क०लेज के एनएसएस इकाई एक के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने वोमीक्रॉन कोरोना वायरस जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने घर-घर सर्वेक्षण कर कोविड-19 महामारी में कोरोना बीमारी से सुरक्षा के लिए वैक्स. ीनेशन के महत्व की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने प्रत्येक घर में वैक्सीनेशन से वंचित घरवालों की जानकारी ली। स्वयंसेवकों ने पाया कि गोद लिए गए गांव सिरसी में पूर्व में चलाए गए वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान से ग्रामवासियों में वैक्सीनेशन के प्रति काफी जागरूकता आई है। वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान के पश्चात स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वयंसेवकों ने गांव में सफाई अभियान चलाया। शिविर में स्वयंसेवकों के किए जा रहे कार्यों की ग्रामवासियो ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। कालेज के प्रोग्राम अ०फिसर भोला नाथ सिंह ने ग्रामवासियों को शिविर के दौरान आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर की गतिविधियों एव ओमीक्रॉन कोरोना वायरस की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पर मोहल्ला में नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों में मुख्य रूप से सन्नी कुमार, सुशील मोदी, रंजय प्रसाद, विष्णु कुमार, काजल कुमारी, सबिता कुमारी, फूलम कुमारी, कार्तिक कुमार, अनुज कुमार, आनंद कुमार, विकास कुमार ,आशीष कुमार, अनुज कुमार , पीयष कुमार प्रजापति, अभिनंदन कुमार, उदेश्वर कुमार, अविनाश कुमार पांडेय, भोला प्रसाद दांगी, अंशु कुमारी ,अंजनी पटेल ,कृष्णा कुमार साव, बसंत कुमार,प्रीति कुमारीसमेत स्वयंसेवकगण उपस्थित थे।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर




तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग


**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




**RAINBOW SCHOOL BARHI**
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

## हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



दिनांक: 22-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सौजन्य से सरकारी विद्यालयों में की जा रही है शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था

## मलकोको पंचायत के बेलादोहर में किया गया डीप बोरिंग एवं शौचालय का जीर्णोद्धार

**अपेम लाइव : बरही**



डीप बोरिंग करवाते एनटीपीसी के कर्मी



डीप बोरिंग दिखाते हुए

एनटीपीसी पकरी बरवाडीहह कोयला खनन परियोजना हजारीबाग के सौजन्य से बरही अनुमंडल के 66 विद्यालयों में डीप बोरिंग कर पेयजल की व्यवस्था एवं 166 विद्यालय में शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। बुधवार को मलकोको पंचायत के बेलादोहर प्राथमिक विद्यालय में डीप बोरिंग कर शुरुआत की गई। एनटीपीसी के कमला राम रजक ने बताया कि बरही अनुमंडल के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेला दोहर में भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के तहत एनटीपीसी ने सरकार के दिशा निर्देश अनुसार शौचालय का निर्माण कराया था। शौचालय की स्थिति पानी के अभाव में बहुत ही खराब हो चुका था। सभी अनुमंडल में बने शौचालय खराब पड़ा हुआ था। एनटीपीसी ने पुनः विद्यालय का सर्वेक्षण कर शौचालय की स्थिति की जानक. ारी प्राप्त किया। जानकारी और विद्यालय के अध्यापक के माध्यम से पता चला कि सभी शौचालय पानी के अभाव में खराब एवं जर्जर हो चुके हैं। जर्जर एवम खराब पड़े हुए शौचालय को पुनः स्वच्छता अभियान के तहत एनटीपीसी ने निर्णय लिया की विद्यालय में जो भी शौचालय खराब हैं एवं जहां पानी की व्यवस्था नहीं है । वहां पर पानी की व्यवस्था करना है। साथ ही खराब पड़े शौचालय को पुनः मरम्मत कर उपयोग लायक बनाना एनटीपीसी का दायित्व बनता है। एनटीपीसी हमेशा ही अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए एवं बच्चों एवं अध्यापकों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सीएसआर के माध्यम से जो भी खराब पड़े हुए शौचालय हैं। उनको चालू करना चाहती।। पानी का समुचित व्यवस्था करना एनटीपीसी का दायित्व बनता है। यदि किसी भी विद्यालय से एक अच्छे नागरिक एवं छात्र अच्छा कब निकलता है उन्हें यह जरूर एहसास होगा कि एनटीपीसी ने हमेशा ही अच्छा काम करती है। वह जिस भी प्रयोजना में या सरकार के किसी भी विभाग में जब होंगे तो उनको एनटीपीसी के प्रति अच्छा सोच ही आएगा । इस कारण हम लोगों ने निर्णय किया किसी हजारीबाग जिला में एनटीपीसी द्वारा जो भी शौचालय बना है उसे शौचालय को पुनः चालू करना हमारा दायित्व है और उस दायित्व का निर्वाह करते हुए इस कार्य में एनटीपीसी के अधिकारी समर्पितं भाव से कार्य को कर रहे हैं । हजारीबाग मुख्यालय से करीब एक सौ किलोमीटर प्रतिदिन लोगों को जाना और आना होता है। इसके बाद भी कार्य को अपने देखरेख में संपन्न कराया जा रहा है । एनटीपीसी सरकार के आदेश के अनुसार एवं चुने हुए विद्यालयों में सभी शौचालय का निर्माण एवं डीपबोरिग का कार्य चल रहा । जिन जिन विद्यालयों में एनटीपीसी शौचालय कराया है एवं वहां पानी का व्यवस्था नहीं है । वहां पर एनटीपीसी ने डीप बोरिंग करने का निश्चय किया है। जिससे पढ़ने वाले बालक बालिकाओं को साथ ही शिक्षा देने वाले शिक्षकों को पानी का समुचित व्यवस्था मिल सके एवं पानी के लिए पीने के लिए स्वस्थ पानी विद्यालय को उपलब्ध हो सके। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी के प्रबंधक कमला राम रजक ने डीप बोरिंग करने वाले को दिशा निर्देश देते हुए कहा की पानी का लेयर जब तक अच्छा नहीं मिलता है तब तक बोरिंग करते रहना है । पानी भरपूर मात्रा में निकलना चाहिए ताकि इसी तरह यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को समस्या से निपटारा मिल सके। पानी के अभाव में प्रतिदिन जो कार्यक्रम स्कूल में होता है । वह अधूरा रहता है। जैसे सरकारी माध्यम से बच्चों के लिए जो मध्यान भोजन बनाया जाता है। वह पानी के अभाव में नहीं बन पाता है। इसलिए एनटीपीसी बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए यह उचित कदम उठाया साथ ही एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक एम बी आर रेडी ने निश्चय किया है की मेरे कार्यकाल में इन सारे विद्यालय को भरपुर पानी का व्यवस्था की जा सके ।ताकि पानी के अभाव में किसी प्रकार का दिक्कत पढ़ने वाले विद्यार्थियों को न हो। जब तक इस विद्यालय के शौचालय का मरम्मत एवं पानी का उपलब्ध नहीं कराएंगे। तब तक मैं नि. रंतर कार्य करता रहुगा। विद्यालय में शौचालय का मरम्ती एवं पानी का उपलब्धता अति आवश्यक है। पानी को बोर के माध्यम से लाकर रहेंगे। स्कूल प्रबंधन का जिम्मेवारी बनता है की विद्यालय प्रांगण को कैसे स्वच्छ एवं अच्छा बना बनाकर रखें ताकि इसमें अध्ययन करने वाले बच्चे देश में लिए कुछ अच्छा कार्य करे। जब तक विद्यालय प्रबंधन अपने आप को अनुशासन नहीं लाएंगे तब तक बच्चे का समुचित विकास नहीं होगा। विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन को अनुशासन विद्यालय में बनाकर रखना होगा । तभी इन सारे बच्चों का बौद्धिक एवं नैतिक विकास होगा एवं आगे चलकर अपने देश के लिए कुछ अच्छा कार्य कर सकेंगे । मेरा यही कहना है । विद्यालय के पारा शिक्षिका एवं प्रभारी शीला कुमारी ने कहा कि एनटीपीसी के इस कार्यो को हमारे शिक्षक गण कभी भी नहीं भुला सकते जो विभाग नहीं कर पा सकता है वह एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा किया जा रहा है। यह हम सभी के लिए एक सबक है की विद्यालय के प्रति कैसे जागरूक रहे एवं बच्चों को शिक्षा दे सके। एनटीपीसी इस अनुमंडल एवं पहाड़ की तली में बचे हुए विद्यालय में शौचालय का मंत्र एवं पानी की उपलब्धता डीप बोरिंग के माध्यम से करा रही है।

# समाजसेवी सत्यानंद केसरी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए भाजपा नेता सुनील साहु

## सत्यानंद केसरी सामाजिक व्यक्ति थे उनका चौपारण में प्रतिमा स्थापित किया जाना चाहिए : सुनील साहु

**अपेम लाइव : चौपारण**
**धीरज प्रजापती**



सुनील साहु

चौपारण के समाजसेवी सत्यानंद केसरी का निधन मंगलवार को रांची के मेडिका अस्पताल मे हो गया। उनके निधन के खबर पाते ही पुरे चौपारण में शोक का माहौल बन गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह को किया गया। उनके अंतिम संस्कार मे भाजपा के जिला महामंत्री सुनील साहु सहित कई लोग शामिल हुए। सुनील साहु बताते है कि सत्यानंद केसरी चौपारण के एक अच्छे समाजसेवी रहे है। उनका एक प्रतिमा चौपारण में स्थापित किया जाना चाहिए जिससे सत्यानंद केसरी के द्वारा किए गए अच्छे कार्यो को पीढी दर पीढी याद किया जाए।

APEM
LIVE

# 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का पांच दिवसीय धरना सम्पन्न

## सरकार की उदासीनता के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय, ओबीसी विधायको का होगा घेराव

**अपेम लाइव : रॉची**
**सोनु पंडित**




धरना में शामिल ओबीसी मोर्चा के लोग

राजभवन के समक्ष राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के 3 सूत्री मांगों को लेकर पांच दिवसीय धरना का आज अंतिम दिन था । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गुमला प्रभारी उदासन नाग ने किया । जबकि संचालन महानगर अध्यक्ष विष्णु सोनी ने किया । 5 दिवसीय धरना के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ओबीसी के अधिकार का आंदोलन कर रहा है लेकिन सरकार के द्वारा कोई उचित पहल नहीं दिख रही है । इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा संकल्प लेता है कि जब तक सरकार आरक्षण नहीं बढ़ाती है । राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आंदोलन और तेज करेगी जो विधायक ओबीसी समुदाय का वोट लेकर विधानसभा में ओबीसी समुदाय की आवाज को बुलंद नहीं करते हैं । हम लोग सरकार को घेरने के साथ ही वैसे विधायकों को भी घेरने का काम करेंगे। क्योंकि देश में जातीय जनगणना नहीं होने से और देश की संपत्ति को निजी करण कर जाने से ओबीसी समुदाय को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है ।। हाल ही में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में ओबीसी का पंचायत में आरक्षण समाप्त कर दिया गया है। गुमला प्रभारी उदासन नाग ने कहा कि राज्य के कई जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य है सरकार ओबीसी समुदाय के साथ नाइंसाफी करना बंद करें और ओबीसी का भी आरक्षण सुनिश्चित करें महानगर अध्यक्ष विष्णु सोनी ने कहा कि देश में जाति जनगणना नहीं होने से खासा नुकसान हो समाज को उठाना पड़ रहा है इसलिए सरकार बिना देर किए हुए जाति जनगणना कराएं अगर केंद्र सरकार नहीं करती है तो राज सरकार को जाति जनगणना राज्य में करानी चाहिए। धरना में प्रदेश महासचिव योगेंद्र प्रसाद ठाकुर प्रमोद कुमार विनय कुमार चंद्रवंशी अनीस साव प्रदेश सचिव शत्रुघ्न राय रंजन साहू अभय गुप्ता अंशु गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा महेंद्र महतो अविनाश कुमार तूफेल अंसारी संजय कुमार दिलीप कुमार साहू मुकेश देवी कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के खेदवारा पंचायत भवन परिसर में बुधवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें सभी अधिकारी को फुल वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्प्रथम महात्मा गांधी चित्र पर मालअर्पण किया गया। जिसमें बाल. विकाश परियोजना पशुपालन जे एस एल पी एस संस्था प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड आपूर्ति सभी तरह के पेंशन मनरेगा समेत सभी तरह के प्रखण्ड व अंचल विभाग का स्टोल लगाकर लाभुकों का आवेदन लिया गया। जिसमे ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी गई बिरनी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार का यह पूर्व घोसित कार्यक्रम है जिसको धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी मिली है। जिसको लेकर सभी पँचायत भवनों में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे लोगो का लाभ मिल रहा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी सीओ अशोक राम पडरमनिया मुखिया कैलाश प्रसाद यादव पशुपालन पदाधिकारी सभी राजश्व उप निरीक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटर आंगनवाड़ी सेविका सहायिका पोषण सखी मुखिया बैजन्ती देवी पँचायत सेवक रोजगार सेवक समेत सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी के अलावा स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## संगम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




खेलकूद में सम्मानित छात्र-छात्राएं

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले शिक्षण संस्थान ठाकुर मो. हल्ला स्थित संगम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य परवेज आलम एवं संचालन शिक्षक प्रवीण कुमार राणा ने किया । प्रतियोगिता में 100 मीटर की रेस गर्ल्स में प्रथम अनुष्का दीप, द्वितीय अनन्या कुमारी, तृतीय स्थान पर अमीषा कुमारी। 200 मीटर रेस में प्रथम नेहा कुमारी, द्वितीय सृष्टि कुमारी, तृतीय पम्मी वही ारती 400 मीटर की रेस में प्रथम पल्लवी कुमारी, द्वितीय निक्की कुमारी, तृतीय अनुष्का दीप, रिले रेस में प्रथम अनुष्का ग्रुप, द्वितीय पूजा ग्रुप , तृतीय खुशी ग्रुप। कबड्डी में नवमी कक्षा विजेता रही। बालक में 100 मीटर रेस में प्रथम अकाश कुमार, द्वितीय निशांत गुप्ता ,तृतीय आदित्य कुमार। 200 मीटर रेस में प्रथम आशीष कुमार गुप्ता, द्वितीय बादल सिंह, तृतीय प्रभात कुमार। 400 मीटर रेस में प्रथम अमित कुमार, द्वितीय रितेश कुमार, तृतीय आनंद कुमार। कबड्डी मैं 10जी क्लास विजेता रहा । इसके अलावा क्रिकेट में 10जी क्लास विजेता रहा । सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य रूप से उपस्थित सब्लिक स्कूल के प्राचार्य प्रवेज आलम एवं प्रबंधक सदस्य तालेश्वर प्रसाद सुरेंद्र कुमार दिनेश कुमार रमेश साव एवं शिक्षक प्रमोद कुमार दास, प्रवीण , अंशु टोप्पो , एलिन कुजूर, काजल गिरी, जेबा, रूपाली, नरगिस लकडा , अरसला, मोआज्जम, मो इकबाल मो नईम , वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## आर्य कर्ण निधि लिमिटेड ने 400 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते सीएमडी रंजीत कुमार एवं अन्य

शीतलहरी व सर्द हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए ठंड से ठिठुरते गरीब, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के बीच आर्य कर्ण निधि के द्वारा गांव गांव जाकर कंबल वितरण किया जा रहा है। आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजित कुमार एवं अन्य सदस्यों के हाथों कंबल का वितरण किया जा रहा है। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं। शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड में कंबल देकर मदद करने पर लाभार्थी थोड़ी देर के लिए भावुक हो गये और आर्य कर्ण निधि की इस पहल की सराहना की। आर्य कर्ण निधि के सीएमडी ने कहा कि संस्था द्वारा गरीब व निर्धन,असहायों को ठंड से बचाव के लिए इतीज, सिरमा, नवाडीह, बसरिया, उपरैली डाडी, जुगरा सहित अन्य गांव में लगभग 400 कंबल का वितरण अब तक किया गया है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा। अन्य गांव में वृद्ध, असहाय, निर्धन लोगों की सूची तैयार की जा रही है ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके। बताते चलें के इन दिनों पूरे प्रखंड में हाड़ कपकपा देने वाली ठंड पड़ रही है। तापमान लगभग 4 डिग्री तू हट गया है। कई लोग ठंड से बीमार पड़ रहे हैं। अहले सुबह खेत खलिहान ओस की सफेद चादर में लिपटा दिखा जा रहा है। मौके पर सीएमडी रंजीत कुमार, एमडी देवदीप कुमार, संयोजक सरोज सोनी, पवन कुमार , विनोद सिन्हा , कृष्णा राम चौहन साव , आशीष भोक्ता, तुलसी भोक्ता, रामेश्वर भोक्ता, सलिया देवी, दिनेश मिंज, राजू उरांव, आशिता देवी, कोमल भोक्ता, चमन गंझू आदि ने कंबल वितरण में सराहनीय भूमिका निभाई।

## नहीं रहे सतुन बाबु, शव यात्रा में उमड़े लोग पचास साल का रहा सार्वजनिक जीवन

### मनोज यादव के राजनीतिक सलाहकार की भी थी पहचान

**अपेम लाइव :चौपारण**



सत्यानंद केशरी फाईल फोटो



शवयात्रा में उमडी भीड

चौपारण क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी, राजनीतिज्ञ व सफल व्यवसायी सतुन बाबु उर्फ सत्यानंद केशरी ने मंगलवार को रांची के मेडिका अस्पताल में अंतिम सांस लिया। बीते कुछ साल से बीमार चल रहे थे। अचानक शनिवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई और आनन-फानन में उन्हें गया और उसके बाद रांची ले जाया गया जहां रांची में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । बड़ी संख्या में सामाजिक , रा. जनीतिक और व्यवसायियों ने शोक प्रकट किया। सभी उनके आवास पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाने जुट गए। उनके शव यात्रा में पूरे क्षेत्र से काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। लगभग 5 दशक तक चौपारण, बरही, इटखोरी में सतन बाबू ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन बिताया। उन्हें प्रखर समा. जसेवी और सफल राजनी. तिक माना जाता था । एक समय में उन्हें पूर्व विधायक मनोज यादव का सबसे प्रमुख राजनीतिक सलाहकार माना जाता था । 90 के दशक में उनके द्वारा बनाया गया ग्रुप 5 की चर्चा उनके अंतिम यात्रा में भी होती रही। उनके अंतिम यात्रा में शामिल पूर्व विधायक मनोज यादव ने सतुन बाबू के निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि रा. जनीतिक जीवन में इनका काफी सहयोग मिला। क्षेत्र से इनका काफी लगाव था तथा हर समय विकास की ही बातें किया करते थे। उनके निधन से व्यक्ति गत रुप से भी काफी क्षति हुई है। उनके शव यात्रा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप सदस्य रामस्वरूप पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, वरिष्ठ समा. जसेवी भुनेश्वर यादव, नागेंद्र कुशवाहा, बलराम दांगी, जन्म जयसिंह , भा. जपा नेता मनोज सिंह, सुनील साहु, बीरेंद्र रजक, विधायक निजी सचिव अजय राय, अभिमन्यु भगत, राजेंद्र भगत, टुन्नू बर्नवाल, शत्रुघ्न केसरी, मनोज केसरी , कपिल केसरी, अशोक केसरी , बरही के रमेश ठाकुर, छोटन ठाकुर, अर्जुन साव , डॉक्टर रामानुज, फोलटेन खान, बैजु गहलोत, मुनेश्वर गुप्ता, रूपेश गुप्ता, राम आशीष सिंह, मोहम्मद सफाल, मोहम्मद जमाल, मुखिया अरविंद सिन्हा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण

### उपायुक्त ने डहरभंगा पंचायत में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का दिया निर्देश

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राजू यादव**




आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य कुमार आनंद पहुंचे। कार्यक्रम के तहत आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सरकारी योजनाओं का लाभ योग्य लोगों तक पहुंचाने के लिए स्ट०ल पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने असहायों के बीच कम्बल, सोना-सोबरन लूंगी धोती-साड़ी व केसीसी ऋण का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी इंदु खलखो, बीडीओ शाईनी तिग्गा, प्रमुख शकुंतला देवी, जिप सदस्य रवि सिंह, मुखिया मथुरा साव, रामप्रसाद कुशवाहा, सुरेश यादव आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम में मनरेगा, स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्यापूर्ति, बाल विकास, कल्याण, ई-श्रम, शिक्षा, आवास, जेएसएलपीएस, पेंशन आदि कई विभाग का स्टॉल लगाया गया था। जहां काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर बीपीओ राजमोहन वर्मा, कपिल मुनि प्रसाद, डॉ०. सरयू प्रसाद सिंह, डॉ०. अरुण कुमार सिंह, रवि शंकर प्रसाद, शिवशंकर पांडेय, शशांक भूषण, नकुल मोदी, मो कसिमुद्दीन, संतोष राम, परमेश्वर प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद, अरूण सिंह, संजय साव, सुकेश राम, दीपचंद यादव आदि सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

**डीसी ने प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र डहरभंगा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झरपो और आंगनबाड़ी केंद्र झरपो का किया औचक निरीक्षण**

आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बाद उपायुक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र डहरभंगा पहुंचे। जहां वे होमियोपैथी दवा के भंडारण को देख उसके उपयोग करने का निर्देश दिया। अ०क्सीजन सिलेंडर व अन्य उपकरणों को देख वे संतुष्ट हुए। उन्होंने यहां पदस्थापित कर्मियों के बारे में जानक. ारी लिया। इसके बाद वह झरपो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां पहले से दोनो प्रतिनियुक्त एएनएम तारा व विनीता कुमारी उप. स्थित थी। डीसी एवं अन्य अधिकारियों ने अस्पताल भवन का जायजा लिया। उन्होंने कर्मियों को प्रतिदिन यहां रहकर सेवा देने का निर्देश दिया। इसके बाद डीसी आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण करने पहुंचे। जहां बच्चों की उपस्थिति कम थी पूछने पर सेविका ने बताया कि दूरी के कारण बच्चे नहीं आते हैं। पूछने पर सेविका ने बताया कि 26 नवम्बर से केंद्र में चावल नहीं आ रहा है, इसलिए बच्चों को भोजन नहीं दिया जा रहा है। डीसी ने जिला कल्याण पदाधिकारी इंदु खलखो से संज्ञान लेने को कहा। उसी भवन का शौचालय का दरवाजा पूरी तरह से नहीं खुला, खिड़की-दरवाजा में जंग लगा देख और शौचालय टंकी में ढक्कन लगा नहीं देख डीसी बि. फरे। उन्होंने इसे अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## इंटक जिला सचिव राजेश गुप्ता का लोगों ने स्वागत किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



राजेश गुप्ता का स्वागत करते लोग

नवनियुक्त जिला इंटक सचिव राजेश गुप्ता का बड़कागांव आगमन पर लोगों ने राजेश गुप्ता को माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया । उनके समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर किया। इसके पूर्व इंटक जिला सचिव राजेश गुप्ता एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कजरु साब ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, जगदेव प्रसाद एवं स्वर्गीय गुरुदयाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन, पवन कुमार, सोनू गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, निर्मल साव, विजय सोनी, राजू कुमार, पंकज सोनी, सुधीर सोनी ,अनुज सोनी, रामेश्वर राणा, राम कृपाल राणा, दिलीप कुमार राणा, जगबीर सोनी, राम प्रसाद महतो, संतोष ठाकुर, नरेंद्र कुमार, मुख्तार आलम, आसिफ हुसैन, अरशद अंसारी, सुरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, सोनू इराकी, वसीम अकरम, दीपक सोनी एवं अन्य लोग उप. स्थित थे।

## भतीजे की पत्नी पर आया चाचा का दिल, भागकर कर ली शादी

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



गिरिडीह से रिश्तों को कलंकित करने वाली खबर आई है। एक चाचा ने अपने भतीजे की पत्नी को भगाकर शादी कर ली। चाची और भतीजा इस शादी के विरोध में परिवार से लेकर कानून तक गुहार लगा रहे हैं लेकिन दोनो के सर पर इश्क का भूत कुछ इस कदर सवार है कि न छोटे-छोटे बच्चों की फिक्र है न रिश्ते की। इसका खुलासा भी उन्ही दोनों ने शादी का वीडियो वायरल करके किया है।यह वाकया गांवा थाना इलाके के पंडरिया की है। गावां थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी लालू प्रसाद यादव की पत्नी संगीता देवी ने गावां थाना में आवेदन देकर अपने पति पर एक शादी-शुदा महिला से दूसरा विवाह कर लेने का आरोप लगाई है। थाना को दिए आवेदन में संगीता देवी ने बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व उसकी शादी पंडरिया निवासी प्रसादी यादव के पुत्र लालू प्रसाद यादव से हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद वह अपने ससुराल पंडरिया में रहती थी। इस बीच मुझे दो पुत्र हुए। पहला पुत्र चार वर्ष व दूसरा पुत्र दो वर्ष का है। पति लालू प्रसाद यादव दिल्ली में काम करते हैं।

### दिल्ली में रहते थे दोनो

दिल्ली में काम करने के दौरान ही वे गावं के ही एक शादी-शुदा महिला से लालू प्रसाद का प्रेम संबंध कायम हो गया। महिला रूपा देवी लालू यादव के भतीजे राहुल यादव की पत्नी है। इस प्रकार वह रिश्ते में उसकी बहू लगती है। राहुल यादव अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में ही रह रहा था। दोनो का एक दूसरे घर आना जाना लगा रहता था। इसी दौरान चाचा ने भतीजे के घर में लालू ने डाका डाल दिया। जानकारी के मुताबिक लालू और राहुल की पत्नी रूपा देवी ने 14 दिसंबर को विवाह कर लिया। शादी से पहले वे दोनो 4 दिनों तक गायब रहे। 14 दिसम्बर को शादी करके लालू ने ही वीडियो वायरल कर दूसरी शादी का खुलास किया विवाह का वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है

## अनुराग मिश्रा को राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



अनुराग मिश्रा को राज्यपाल रमेश बैस के हाथों से अचीवर्स आवार्ड से सम्मानित किया गया । अनुराग को सकारात्मक और नई सोच के लिए यह सम्मान दिया गया । बता दें की अनुराग मिश्रा के द्वारा रांची में स्थापित कि 8 माइल स्टोन रेस्टोरेंट स्थापित किया गया है । जिसमे स्वावलंबी संबंधित प्रशिक्षण के अलावा प्लेइंग जोन के अलावा अन्य सुविधाएं हैं शामिल है। अनुराग मिश्रा बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत लेंगातू गांव निवासी विनय मिश्रा के पुत्र हैं। बेहतर कार्य एवं सम्मानित किए जाने पर सक्सेश गुरु ऐ के मिश्रा, प्रमुख राजमुनि देवी प्रमुख, अनिल मिश्रा , मनोज गुप्ता, कृष्णा राम, नकुल महतो, अरविंद मिश्रा, योगेंद्र मिश्र,राकेश मिश्रा, संदीप कुशवाहा, राजीव रंजन, वीरेन्द्र ओझा, कृष्ण ओझा, सदानंद तिवारी, शंकर ओझा,अरविंद कुमार, खेमानी साव, सरहुल महतो, रोहित राज, युगेश्वर प्रजापति, लखन तुरी, रामकृपाल राणा, अजित मिश्रा, राजेश कुमार तुरी, के अलावा कई लोगों ने बधाई दी है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर आदर्श मध्य विद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक अभिभावक अपने दायित्व का निर्वाह करें : लोकनाथ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




छात्रों को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक

राज्य सरकार के आदेश अनुसार बड़कागांव प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर शिक्षक, अभिभावक ,प्रबंधन समिति, एवं शिक्षा विभाग के बीच सामंजस्य बनाने को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम व संचालन शिक्षक देवेन्द्र कुमार व संजय सागर ने संयुक्त रूप से किया । बताओ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया । जबकि अतिथियों का स्वागत शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने विषय वस्तु का परिचय कराते हुए पठन-पाठन, अनुशासन , खेल संगीत ,सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाल संसद, शैक्षणिक वातावरण आदि विषयों पर चर्चा किया . मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि मैं इसी विद्यालय का छात्र रहा हूं और आज मुझे किसी विद्यालय में संबोधन करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मैं जब तक विधायक रहा उस समय से लेकर आज तक विद्यालय के लोक कल्याण कार्य के लिए काम करता रहा हूं। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक के साथ-साथ अभिभावक भी अपने दायित्व का निर्वाह करें । प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर अभिभावक ,शिक्षक, प्रबंधन समिति एवं शिक्षा विभाग में आपसी सामंजस्य बनाने हेतु प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में गोष्ठी का आयोजन किया गया है । प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम ,सदस ,छुन्नू रविदास ,नसीमा खातून, शोभा देवी ,अभिभावकों में इंगलेश सोनी, गोवर्धन महतो समेत अन्य ने विचार व्यक्त किया .तत्पश्चात शिक्षक दीपक राणा ,कमलेश श्रीवास्तव देवेंद्र कुमार ,राजू कुमार ,रवि कुमार नाग,अभिभावकों एवं बच्चों के बीच खेल कराया गया। मौके पर 300 से अधिक अभिभावक गण शामिल थे।

## परियोजना पदाधिकारी आवास ने प्रखण्ड कार्यालय में किया आवास की समीक्षा

### पंचायत सचिव एवं स्वयं सेवकों को दिया कई निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को परियोजना पदाधिकारी आवास रूपेश कुमार तिवारी ने प्रखंड के सभी पंचायत सचिवो एवं स्वयं सेवकों के साथ आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक के दौरान श्री तिवारी ने प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में आवास योजनाओं में शीघ्र ही भुगतान कराने एवं कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री तिवारी ने सभी पंचायत सेवक व स्वयं सेवकों को कहा कि आवास प्लस में से जिनका भी आवास के लाभुक के लिए चयन किया गया है उनका आवास शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वही उन्होंने कहा कि जिनका दीवार पूर्ण हो चुका है उन्हें अगली किस्त ढलाई के लिए जल्द से जल्द निर्गत कराने का निर्देश दिया। श्री तिवारी ने कहां की बार-बार अखबारों में आवास योजना में जमकर मची है लूट छपने के बाद बुधवार को प्रखंड के जमरी पंचायत के पंडाखाप में उपायुक्त के निर्देश पर आवास को जांच करने के लिए पहुंचे थे उन्होंने कहा कि जो शिकायत करता है उनका पूर्व से ढलाई मकान बना हुआ है उन्होंने कहा कि वैसे लाभुकों को आवास निर्गत नहीं करना है जिनका पक्का मकान हो, जिनका 5 एकड़ से ज्यादा जमीन हो एवं जिनका नौकरी हो,उन्हें आवास नहीं मिलेगा।उन्होंने कहा कि जिनका नाम अखबार में छपा था उनका पूर्व से ढलाई मकान नाना हुआ है। श्री तिवारी के साथ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन सिंह,आवास योजना के प्रखण्ड कोदिनेटर,पंचायत सचिव मुनेश तिर्की,मुरली प्रसाद, नवीन तिर्की, यदुनंदन पासवान, विजय चौबे, सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## राजपुर पुलिस,अंचल निरीक्षक और वन क्रमियियो के संयुक्त अभियान में पांच एकड़ पोस्ता फसल को किया नष्ट

### पोस्ता की खेती करने वालो पर दर्ज किया जा रहा है मुकदमा : थाना प्रभारी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



आरक्षी अधीक्षक चतरा राकेश रंजन एवं उपायुक्त अंजली यादव के निर्देश पर बुधवार को राजपूर पुलिस अंचल निरीक्षक एवं वन कर्मियों ने संयुक्त रुप से अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाया ।अभियान चलाकर सभी कर्मियों ने रा. जपुर थाना क्षेत्र के कोटाप गांव में वन भूमि पर लगे लगभग 5 एकड़ पोस्ता की फसल को ट्रैक्टर से रौंद दिया गया। पोस्ता विरोधी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी मुकेश कुमार एवं अंचल निरीक्षक अभय रंजन ने किया ।थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि मना करने के बावजूद भी जो भी पोस्ता की खेती राजपुर थाना क्षेत्र में किए हैं चाहे वह वन भूमि पर हो या फिर रैयती भूमि पर सभी पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पा.स्ता की खेती करने वाले को पुलिस खैर नहीं छोड़ेगी। पुलिस पोस्ता की खेती करने वाले पर पैनी नजर रखी हुई है। वही अंचल निरीक्षक अभय रंजन ने कहा कि रैयती भूमि हो या गैर मजरूवा में जो भी अफीम की खेती कर रहे हैं वह समाज के सबसे बड़ा दुश्मन है,जो अफीम की खेती लगातार 5 वर्षो तक करता है वह नपुंसकता का शिकार हो जाता है,उन्होंने ग्रामीणों से कहा की पोस्ता की खेती छोड़ गेंदा की फूल एवं अन्य फसल को करें ताकि आपके बाल बच्चे सुरक्षित रहें ।उन्होंने आगे कहा कि जो लगातार 5 वर्षो तक अफीम की खेती करता है उनका बाल बच्चा भी विकलांग ही पैदा होता है। मौके पर नवीन तिर्की,ए एस आई शिव प्रसाद साह,वन कर्मी जिला बल के जवान मौजूद थे।

## चतरा सिविल सर्जन के लापरवाही के कारण लखन बैगा की हुई मौत

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कुंदा थाना क्षेत्र के जगरना. थपुर गाँव निवासी लखन बैगा पिछले तीन महीने पूर्व इलाज के लिये चतरा से हज़ारीबाग़ भेजा गया था!उसके बाद से परिजन खोज कर बेहाल थे, परिजन के खोजबीन के बाद नही पता चल पाया तो पुलिस कप्तान राकेश रंजन के सक्रीयता के बाद कुन्दा थाना में गुमसुदगी का मामला दर्जे करते हुए कमिटी गठन कर जाँच में जुटी पुलिस चतरा सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह के लापरवाही के कारण एक बैगा परिवार पर गहराया संकट बनी भुखमरी की स्थिति!उसके परिवार वाले पर घर मे लखन बैगा ही अपने परिवार के लालन पालन करने वाले थे! जाँच टीम जब हज़ारीबाग़ अस्पताल पहुँची तो उनकी मौत की पुष्टि हो गया!अस्पताल प्रबंधन द्वारा जाँच टीम को फोटो दिखाने के बाद मौत की पुष्टि की गई!गाँव मे खबर सुनते ही बैगा परिवार मातम छा गया।

## कठिन परिश्रम ही दिलाती हैं चमचमाती सफलता : डीएसपी राजकुमार मेहता

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**



रामनारायण +2 उच्च विद्यालय में पी टी एम कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि इसी विद्यालय के पूर्वर्ती छात्र श्री राजकुमार मेहता अपनी उद्गार व्यक्त करते हुए भावुक हो गए । उन्होंने कहा कि आज लोग कहते हैं कि राजकुमार डी एस पी बन गया हैं पर इसके पीछे मैं कितना विकट परस्थितियों से गुजर कर इस मुकाम पर आया हूँ कोई नही जानता हैं । कठिन परिश्रम ही एक मात्र विकल्प हैं जहाँ चमचमाती सफलता मिल सकती हैं । शिक्षक अभिभावक के इस मीटिंग में सरकार के गाईड लाइन के मुताबिक कई महत्वपूर्ण बिंदुयों पर विचार साझा किया गया । बच्चों की उपस्थिति से लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिल पाए निमित चर्चा हुई । स्वैच्छिक दान देने के स्वस्थ परंपरा की शुरुवात किया गया । इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत की मुखिया श्रीमती मंजू देवी ने भी बच्चों को बहुत मोटिवेट की । वही प्रखंड के वरिष्ट पत्रकारगण श्री उपेंद्र पाठक, श्री संजय यादव ने भी अपने अपने उत्तम विचार साझा किए । शिक्षकों ने एक एक विंदु को विस्तार से विचार साझा किया। वही मधुसूदन कुमार सिंह मंच संचालन किये । विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार यादव, विद्यालय प्रभारी श्री विकास कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीमती रुपा देवी, मुखिया श्रीमती मंजू देवी, उप मुखिया श्री प्रकाश ओझा, समाजसेवी श्री नारायण यादव, पंचायत समिति सदस्य श्री संजय यादव, वरिष्ठ पत्रकार श्री उपेंद्र पाठक, विधायक प्रतिनिधि श्री विजय रविदास , समा. जसेवी श्री जितेंद्र मेहता, श्री सुरेंद्र विख्यासन, श्रीमती संदीपा देवी , श्रीमती किरण देवी मोहम्मद अयूब, श्री रणविजय सिंह , दीपक कुमार गुप्ता, पिंटू यादव, गौरी शंकर सिंह, सरोज देवी, शैलेश कुमार ओझा, सरिता देवी, प्रदीप कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिंह, मोहम्मद सुल्तान खान,शिक्षक महेंद्र राम, लग्नेश कुमार, पवन कुमार,दिलीप कुमार,अमित कुमार,शम्भू राम, सुखदेव शर्मा, आशीष कुमार,आरती कुमार, बालेश्वर कुमार,रोज़लिन तिग्गा, अजय प्रसाद , सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे ।


## समाजसेवी अवधेश प्रसाद चौरसिया ब्रह्मभोज मे शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्युरो के प्रखंड पदाधिकारी रोहित कुमार चौरसिया

**अपेम लाइव : रांची**




रांची जिले के खाध गढ्ढा मिलन चौक निवासी अवधेश प्रसाद चौरसिया का पिछले दिनों 95 साल की उम्र मे निधन हो गया उन्ही के 12 वां मे शामिल होने बोकारो से पहुचे राष्ट्रीय मानवा. धिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्युरो के प्रखंड पदाधिकारी रोहित कुमार चौरसिया उनके साथ मुख्य रुप से मंजीत कुमार चौरसिया एवं दिलीप कुमार चौरसिया उनके आवास पहुंच कर उन्हे श्रद्धांजलि दी एवं उन्हे नमन किया। मौके पर मुख्य रूप से श्रध्दांजलि देने वाले मे देवेन्द्र प्रसाद चौरसिया, सन्जीत चौरसिया ,बलवन्त चौरसिया, अमरजीत चौरसिया, जसवन्त लाल सत्याथी, अविनाश चौरसिया आदि लोगो ने श्रद्धांजलि दी

APEM LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आंगनवाड़ी निरीक्षण के दौरान मुखिया के साथ हुई मारपीट

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठाः बरकट्ठा उत्तरी पंचायत मुखिया बसंत साव के साथ मारपीट करने एवं सरकारी कागजात फाड़ने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत मुखिया बसंत साव ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में लिखा कि पंचायत के साहु टोला में संचालित आंग. नबाड़ी सेंटर में बयाप्त अनियमितता की शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सेविका रेखा देवी से बच्चों का उपस्थिति पंजी का मांग की। इसी समय पिताम्बर नायक, इसकी पत्नी शीला देवी, पुत्री रोहीनी कुमारी एवं संजय साव आकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। मेरे हाथ में पंचायत का जरूरी कागजात था उसे भी इन लोगों ने फाड़ दी और मेरे साथ मारपीट की। इन लोगो ने सेंटर के बाहर खड़ी मेरी सुपर स्पलैंडर मोटरसाइकिल को अपने घर ले गए। दूसरी ओर शीला देवी पति पीताम्बर नायक ने भी बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में लिखा कि मुखिया बसंत साव उसके पिता रामलाल साव, भाई प्रकाश साव, पत्नी प्रमिला देवी ने मेरी बेटी से जबरन मोबाइल छीन ली। इन लोगों ने मेरे बच्ची और मुझे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों आवेदन मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## विधायक अंबा प्रसाद ने ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिलाने हेतु सदन में मामला उठाया

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ओबीसी समुदाय को आबादी के अनुपात में पिछड़े समुदाय को आरक्षण का लाभ देने की लगातार हर मोर्चे पर मांग उठाई जा रही है। उन्होंने विधानसभा के सत्र के दौरान भी ध्यानाकर्षण के दौरान उन्होंने इस मसले को उठाया। अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड में ओबीसी को सिर्फ 14ः आरक्षण मिलता है। पिछड़ा आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड में ओबीसी की आबादी करीब 55ः है। लिहाजा इस अनुपात में आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि इस मसले को लेकर सरकार संवेदनशील है। इस पर मंथन चल रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द इसके लिए एक कमेटी बनाई जाएगी।काम करेंगे।

## शिक्षक अभिभावकों की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठ : प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय बरकट्ठा और राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार शिक्षक और अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से संबंधित क्षेत्र के मुखिया मुंशी पा. सवान मौजूद थे। बैठक में अभिभावकों की भागीदारी का संक्षिप्त प्रस्तुति, बच्चों के सीखने की प्रगति पर चर्चा, छात्रों की नियमित उपस्थिति के महत्व पर चर्चा और अधिक उपस्थिति वालों बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू घर घर माता पिता की भुमिका के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं मुखिया मुंशी पासवान ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोनाकाल में बच्चों की शिक्षा काफी प्रभावित हुई है। इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें। और नियमित स्कूल भेजें। वहीं कस्तूरबा के बच्चीयों ने अपनी कला का प्रर्दशन दिखाई। कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय वार्डन मनीषा कुमारी,लेखापाल प्रीति कुमारी, शिक्षिका पिंकी कुमारी, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश चौधरी, पारा शिक्षक सहदेव नायक, अनिल यादव, विजय तूरी, सुखदेव नायक, सुन्दर तूरी,कविता देवी, रुकमनी देवी समेत आदि शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे।

## चलकुशा प्रखंड को कोडरमा जिला में शामिल करने को लेकर सर्वदलीय मंच की बैठक

### चलकुशा जनता की मांग कोडरमा जिला में शामिल चलकुशा प्रखंड को कोडरमा में शामिल करो

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



प्रखंड मुख्यालय के निकट जेल पार्क के समक्ष सर्वदलीय मंच के द्वारा सभा का आयोजन जयदेव चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमल नयन सिंह विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव कोडरमा जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह सभा में शामिल हुए। सभा का संचालन अजय सिंह ने किया। सभा में उपस्थित सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर कमल नयन सिंह ने कहा कि चलकुशा प्रखंड को कोडरमा जिला में शामिल कराने को लेकर चलकुशा प्रखंड की जनता का मांग विगत बारह वर्षो चल रहा है, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष पचीस लोगों का कमेटी बनाकर जनवरी के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री से मिलकर मांग पत्र सौंपेंगे, और चलकुशा प्रखंड को कोडरमा जिला में शामिल करने के लिए आग्रह किया जाएगा। मौके पर ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह,प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोइनुद्दीन, युवा नेता आलोक सिंह, समाजसेवी बसंत पांडे, तफज्जुल हुसैन, सिकंदर अली ,भिखि सिंह, महबूब अंसारी, विन्देश्वर यादव,क्यों सेट करो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुर्गा सोरेन सेना कमेटी गठित संजय कुमार सिंह बाने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : चूरचू**
**अरविन्द टुडू**



प्रखण्ड के चुरचू फुटबॉल ग्राउंड में सोमवार को दुर्गा सेना प्रखण्ड कमिटी गठन केंद्रीय संयोजक बिरसा हांसदा के उपस्थिति में किया गया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन विजय हांसदा के द्वारा किया गया। मौके पर सर्वसहमति से संजय कु सिंह को अध्यक्ष, सचिव अर्जून हांसदा, कोषाध्यक्ष संजय कुमार दास व उपकोषाध्यक्ष निर्मल प्रसाद गुप्ता को बनाया गया। साथ ही प्रखण्ड के विभिन्न अन्य पदाधिकारियों जिसमें सात उपाध्यक्ष संतोष बास्के, सुखदेव सोरेन, सुरेंद्र हांसदा, झरी मांझी, यमुना महतो, राजेन्द्र साव, शाहबाज खान, सुरेश हांसदा और सात महासचिव रमेश मरांडी, बालगोविंद सिंह, कटिलाल हांसदा, छोटन हेम्ब्रोम, जुएल तिग्गा, संतोष राम, संजय करमाली को चयन किया गया। साथ ही प्रवक्ता के रूप रीतलाल हेम्ब्रोम व जगदीश कुमार और सोसल मीडिया प्रभारी सह आई टी सेल प्रभारी महात्मा हांसदा का चयन किया गया। मौके पर गुरुदयाल हांसदा, अकबर मिया, कौलेश्वर सिंह, विकाश सिंह, दीपक सिंह, मनोज सिंह, जगदीश गंझू, दिलीप रॉय, बबलू कुमार,सुरेंद्र दास, सुनील राम, रंजीत यादव, नारायण सिंह, मोहन साव, सूरज राम, अनिल राम, विकाश राम, विकाश गंझू, अन्तु मेहता, किशोरी यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कोविड-19 वैक्सीन को लेकर हुई बैठक

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशाः चलकुशा प्रखंड मुख्यालय सभागार में कोविड-19 वैक्सीन को लेकर प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी 9 पंचायत के पंचायत प्रधान, जनप्रतिनिधि व प्रखंड कर्मचारियों के साथ कोविड-19 वैक्सीन को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें को. विड-19 वैक्सीन से वंचित लोगों को सहयोग दिलाने में करें। जिससे कहा गया किएक भी लोग वंचि ना रह जाए।

## कर्णपुरा विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति का गठन किया गयाः अध्यक्ष बने प्रदीप

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग।

प्रखंड के कर्णपुरा कॉलेज स्टेडियम में विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार सिन्हा एवं संचालन कामेश्वर महतो ने किया। ग्रामीणों के द्वारा बैठक में कर्णपुरा विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, सचिव कामेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष तेजन महतो एवं मीडिया प्रभारी अर्जुन कु. महतो को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष रंजीत महतो एवं उपसचिव संतोष सिन्हा को बनाया गया। वहीं निगरानी समिति में मुख्य रूप से महेंद्र कुमार, लखन महतो, तुलेश्वर महतो, योगेंद्र महतो, कामेश्वर महतो, नागेश्वर गंजू, राजेश्वर महतो, राजकुमार महतो, अजीत कुमार, कुलदीप कुमार, राजदेव कुमार, मुकेश पटेल, अजय कुमार, महेंद्र महतो, श्याम कुमार, मिट्ठू महतो, राजेश यादव, सुनील कुमार, शत्रुघन कुमार, अरुण कुमार, मो. हम्मद हनीफ, उपेंद्र रंजन, सुधीर कुमार, शशि कुमार, प्रदीप प्रभाकर, योगेंद्र कुमार, संजय कुमार, नसरुल्लाह अंसारी, नागेश्वर महतो, प्रभु महतो, बलदेव महतो, भीखन राम, मनोज महतो, प्रमोद महतो, संजय दास, सुनील कुमार,दिलीप कुमार एवं रणधीर कुमार हैं। अध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो एवं मीडिया प्रभारी अर्जुन कुमार महतो ने कहा कि हम लोग सभी जिस उद्देश्य से इस समिति का गठन किए है उसे हम लोग पूरा करने प्रयास करेंगे। आगे कहा इस समिति के माध्यम से विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों को उसका हक दिलाने का काम करेंगे।

## डॉ बिमल कुमार मिश्र को झारखंड मैथमेटिकल सोसायटी का नामित किया गया अध्यक्ष

**अपेम लाइव : हजारीबाग**


डॉ बिमल कुमार मिश्र

हजारीबागः 22 दिसंबर रांची स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में झारखंड मैथमेटिकल सोसायटी के तत्वावधान में विश्व के महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस यथा राष्ट्रीय गणित दिवस पर मार्खम कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ बिमल कुमार मिश्र को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डॉ मिश्र को झारखंड मैथमेटिकल सोसायटी का अध्यक्ष नामित किया गया। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व गणित विभागाध्यक्ष प्रोफेसर केसी प्रसाद इस सोसाइटी के सचिव नामित किए गए। डॉ मिश्र ने गणित दिवस पर कोविड-19 के मै. थमेटिकल मॉडल्स पर अपना व्याख्यान दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर एनआर रॉय ,प्रोफेसर एमके सिंह, प्रोफेसर केसी प्रसाद ने भी गणित और उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

